C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 319 | बिजौलिया - शनिवार, 30 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान में औद्योगिक क्रांति की तैयारी: 645 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होंगे नए इंडस्ट्रियल पार्क

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इंडस्ट्रियल पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत प्रदेश में निजी भागीदारी के माध्यम से आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए रीको ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 645 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर विकास प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक जून से इच्छुक डेवलपर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मार्च 2026 में लॉन्च की गई इस महत्वाकांक्षी नीति का उद्देश्य राजस्थान में निवेश आकर्षित करना, रोजगार के नए अवसर सृजित करना और उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा तैयार करना है। इसी कड़ी में रीको ने मॉडल 'ए' और मॉडल 'डी' के तहत औद्योगिक पार्कों के विकास की कार्ययोजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।



रीको प्रबंध निदेशक सुरेश ओला ने बताया कि मॉडल 'ए' के तहत सात स्थानों पर औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इनमें बालोतरा के वेदरलाई, धौलपुर के बिजौली, चित्तौड़गढ़ के नरबदिया, भीलवाड़ा के कोड़िया, दौसा के राजाहेड़ा, गूढ़ा आशिकपुरा एवं नूरपुर, बूंदी के मायेजा तथा डीडवाना-कुचामन के भाकरी मोलास गांव शामिल हैं। इन क्षेत्रों में कुल लगभग 374 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक विकास की योजना है।

वहीं मॉडल 'डी' के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर करीब 271 हेक्टेयर भूमि में इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। इसमें अजमेर जिले के कनईकलां गांव और दौसा जिले के कोटवालों का बास, नांगल झामरवाड़ा, रालतवाता एवं सुधरामपाड़ा गांव शामिल हैं।

नई नीति के तहत विकसित होने वाले पार्कों में आधुनिक सड़क नेटवर्क, बिजली-पानी की बेहतर व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, वेयरहाउसिंग और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का लक्ष्य राजस्थान को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक और भविष्य के उद्योगों के लिए तैयार गंतव्य बनाना है।

इंडस्ट्रियल पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत चार अलग-अलग मॉडल निर्धारित किए गए हैं। मॉडल 'ए' में रीको की भूमि पर निजी डेवलपर पार्क विकसित करेगा। मॉडल 'बी' में 80 प्रतिशत भूमि डेवलपर और 20 प्रतिशत भूमि रीको उपलब्ध कराएगा। मॉडल 'सी' में पूरी भूमि निजी डेवलपर की होगी, जबकि मॉडल 'डी' पीपीपी मॉडल पर आधारित रहेगा।

नीति के अनुसार निजी क्षेत्र में विकसित किए जाने वाले किसी भी इंडस्ट्रियल पार्क का न्यूनतम क्षेत्रफल 50 एकड़ होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही कम से कम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना भी जरूरी रहेगी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, होर्डिंग व बोर्ड हटाए

### कुड़ी व सोपुरा चौराहे पर चला अभियान, दुकानदारों में मची अफरा-तफरी



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-758 पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुड़ी चौराहा एवं सोपुरा चौराहा क्षेत्र में सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बोर्ड एवं अन्य अतिक्रमण हटाए गए, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार एनएचएआई ने पूर्व में दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई करते हुए नालों और सड़क के बीच लगभग 15 मीटर क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण हटवाए।

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगे विज्ञापन बोर्ड, होर्डिंग एवं अन्य सामग्री हटाई गई। वहीं कार्रवाई शुरू होते ही दुकानदार भी दुकानों के बाहर रखा सामान और बोर्ड समेटने में जुट गए।

एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान पटवारी एवं सवाईपुर चौकी पुलिस जाब्ता मौके पर मौजूद रहा।

## पुलिस पर फायरिंग कर भागा बदमाश, पुलिया से कूदकर घायल

### हमीरगढ़ में देर रात पुलिस कार्रवाई से मचा हड़कंप, घेराबंदी कर आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़।**

**अनिल डांगी**

थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। भागने के प्रयास में आरोपी करीब 9 फीट गहरी पुलिया से नीचे कूद गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आरोपी का उपचार महात्मा गांधी अस्पताल में पुलिस सुरक्षा के बीच जारी है।

**बड़ी वारदात की फिराक में था आरोपी**

थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया कि देर रात करीब 1 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिलिया कलां निवासी कम्मू उर्फ कमलेश गुर्जर (29) पुत्र भंवरलाल गुर्जर रिवॉल्वर लेकर रीको क्षेत्र में घूम रहा है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई।

**पुलिस को देखकर भागने लगा, फिर कर दी फायरिंग**

पुलिस टीम जब रीको क्षेत्र स्थित बनास नदी की छोटी पुलिया के पास पहुंची तो एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन देखकर आरोपी घबरा गया और बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस द्वारा रुकने की चेतावनी देने पर आरोपी ने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**पुलिया से कूदकर भागने का प्रयास**

फायरिंग के बाद आरोपी ने बचने के लिए पुलिया से नीचे नदी क्षेत्र में छलांग लगा दी। पुलिया करीब 9 फीट गहरी होने और नीचे पत्थर-चट्टानें होने से आरोपी गंभीर घायल हो गया। इसके बावजूद पुलिस टीम ने नीचे उतरकर आरोपी को पकड़ लिया।

**एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य**

घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया। शुक्रवार सुबह एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस तथा फायरिंग के बाद का कारतूस खोल बरामद किया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



**आरोपी के नेटवर्क और मंशा की जांच शुरू**

प्रारंभिक जांच में आरोपी के आपराधिक गतिविधियों से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था तथा उसके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

## निवेश के नाम पर 26.98 लाख की साइबर ठगी, एक और आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब 26.98 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवांश शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक अन्य प्रकरण में हत्या के आरोप में पहले से ही न्यायिक हिरासत में चल रहा था।

साइबर थाना प्रभारी रामशरण ने बताया की भीलवाड़ा निवासी एक व्यक्ति को स्वयं को सेबी रजिस्टर्ड बताने वाले ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संपर्क किया। आरोपियों ने खुद को कोटक सिक्योरिटीज प्राइवेट मार्केट ट्रेडिंग से जुड़ा बताकर आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर विश्वास में लिया। इसके बाद फर्जी NEO KOTMAT APP और KOTPRO APP के जरिए निवेश करवाने का झांसा दिया गया।

आरोपियों ने मानसिक दबाव बनाकर 25 फरवरी से 30 मार्च 2026 के बीच पीड़ित और उसके परिवार के बैंक खातों से कुल 26 लाख 98 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में बिना सहमति EMIAC Technologies Ltd. के शेयर आवंटित दिखाकर अतिरिक्त राशि की मांग की गई। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। इस पर साइबर थाना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि साइबर ठगी से प्राप्त राशि को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से खपाया जा रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी देवांश शर्मा टेलीग्राम एप के जरिए बैंक खाते उपलब्ध कराने और साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने की गतिविधियों में शामिल था। इसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में इससे पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि मामले की जांच अभी जारी है।कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल बाबूलाल और कांस्टेबल प्रभुराम शामिल रहे।

## 5 हजार का इनामी गांजा सप्लायर गिरफ्तार, लंबे समय से चल रहा था फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कारोई थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के मामले में वांछित 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

कारोई थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया की गिरफ्तार आरोपी अर्जुन कुमार (29) पुत्र जोगाराम गमार, निवासी बुजा, पोस्ट जेड, थाना माण्डवा, जिला उदयपुर है। आरोपी थाना गंगापुर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित था। उस पर अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करने का आरोप है तथा उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी। साथ ही उसका रूट चार्ट तैयार कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। लंबे प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और मामले में अन्य आरोपियों तथा तस्करी नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल विक्रम तथा कांस्टेबल हेमेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

## चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव** । क्षेत्र के ढेलाणा गांव में शुक्रवार सुबह गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार ढेलाणा निवासी सुखालाल जाट के घर शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उनकी पत्नी विमला रसोई में चाय बना रही थीं। इसी दौरान गैस चालू करते ही सिलेंडर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कमरे में रखा सामान और कंबल जल गए।




घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए लकड़ी की मदद से जलती गैस टंकी को बाहर निकाला और उस पर मिट्टी डालकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो सिलेंडर में विस्फोट हो सकता था, जिससे बड़ा नुकसान होने की आशंका थी। घटना के बाद परिवार के लोग सहम गए।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# सीता का कुंड मार्ग पर फिर हादसा: खस्ताहाल सड़क बनी दुर्घटनाओं की वजह, तीन दिन में दूसरा बड़ा हादसा

भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया।

क्षेत्र के सीता का कुंड के समीप शुक्रवार सुबह एक बार फिर सड़क हादसा हो गया। खराब सड़क और क्षतिग्रस्त किनारों के कारण एक बोलेरो वाहन अचानक असंतुलित होकर सड़क से नीचे जा गिरा। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।





स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग लगातार हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में यह दूसरा बड़ा हादसा है। इससे पहले इसी सड़क पर एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीण धनराज ने बताया कि बिजोलिया से शक्करगढ़ तक सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। इतना ही नहीं, सड़क के दोनों किनारों की साइड पट्टियां भी क्षतिग्रस्त हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय और बारिश के दौरान हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने, गड्ढों को भरवाने और क्षतिग्रस्त किनारों को दुरुस्त करवाने की मांग की है, ताकि लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## छह माह से सूखी नलियां, फूटा लोगों का गुस्सा: मटकी फोड़कर किया प्रदर्शन, आधे घंटे जाम रहा रास्ता



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के सौ फीट रोड स्थित किरण मार्केट क्षेत्र में पिछले छह माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत से परेशान क्षेत्रवासियों ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने मटकी फोड़कर अपना रोष जताया और करीब आधे घंटे तक सड़क जाम कर प्रशासन एवं जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई महीनों से नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। गर्मी के इस मौसम में हालात इतने खराब हो गए हैं कि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को रोजाना दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाकर जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं और विभागीय कार्यालयों के चक्कर भी लगाए गए, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। जलापूर्ति बहाल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि एक ओर हर महीने पानी के बिल समय पर भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पेयजल संकट का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मंडोल टोल के पास हाईटेंशन लाइन बनी खतरा

### बरगद की शाखाओं से टकरा रहे 33 केवी तार, गिर रही चिंगारियां; हादसे की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



मंडोल टोल के समीप स्टेट हाईवे किनारे गुजर रही 33 हजार केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन क्षेत्रवासियों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। लाइन के तार पास खड़े विशाल बरगद के पेड़ की शाखाओं से लगातार टकरा रहे हैं, जिससे आए दिन चिंगारियां और अंगारे गिर रहे हैं। इससे ग्रामीणों और राहगीरों में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार हाईवे पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है, जबकि आसपास खेतों में किसानों का भी लगातार आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में यदि तार टूट जाएं या करंट फैल जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवा और बरसात के दौरान स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग को अवगत कराया जा चुका है। पेड़ की टहनियों की छंटाई और लाइन को सुरक्षित करने की मांग भी उठाई गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते विभाग ने आवश्यक कदम नहीं उठाए तो कभी भी जनहानि हो सकती है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर हाईटेंशन लाइन से जुड़े खतरे को दूर करने की मांग की है।

## दुष्कर्म के मामले में फंसाने और रकम मांगने का आरोप, पीड़ित पक्ष ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के रायपुर थाना क्षेत्र के पनौतिया निवासी एक बुजुर्ग ने जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर दुष्कर्म के मामले में झूठा फंसाने और बड़ी रकम मांगने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित पक्ष ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कुछ दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्य होने का दावा किया है।

शिकायतकर्ता बालूराम ने एसपी को दिए परिवाद में बताया कि उनके पुत्र सहित अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज मामले में उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। शिकायत में एक महिला सहित कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि कथित घटना को लेकर उनके पास सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप चैट जैसे साक्ष्य मौजूद हैं, जिनकी जांच करवाई जानी चाहिए। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित पक्षों के बीच पूर्व से आर्थिक लेन-देन होता रहा है।

परिवाद में आरोप लगाया गया है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद समझौते के नाम पर बड़ी राशि की मांग की जा रही है। वहीं शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है। इधर, मामले में दूसरे पक्ष की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बिजोलिया में अधूरी सड़कें, कटे पेड़ और अव्यवस्थाओं पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

नगर में अधूरे पड़े विकास कार्यों, क्षतिग्रस्त सड़कों, कटते पेड़ों और बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आया। कांग्रेस कार्यकर्ता उपखंड कार्यालय पहुंचे और नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि बूंदी रोड पर पिछले करीब छह माह से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पोल शिफ्टिंग के नाम पर काम रोक दिया गया, जिससे आमजन को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी मार्ग में विंध्यवासिनी शक्तिपीठ जाने वाला रास्ता भी बदहाल स्थिति में है, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के पुराने पथिक पार्क में किए गए कार्यों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नवीनीकरण के नाम पर वर्षों पुराने वटवृक्ष सहित कई पेड़ों को काट दिया गया, जिससे लोगों में नाराजगी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस वटवृक्ष की छांव में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय साधु सीताराम दास बैठा करते थे, उसे हटाना नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचाने जैसा है।

ज्ञापन में नगर पालिका पर निर्माण स्वीकृतियों को लेकर भी भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि गरीब और आम लोगों को निर्माण स्वीकृति के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि दलालों का बोलबाला बना हुआ है।

इसके अलावा जागेश्वर महादेव सामुदायिक भवन, रोडवेज बस स्टैंड सहित नगर के कई निर्माण कार्य महीनों से अधूरे पड़े होने का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि बारिश का मौसम नजदीक है और यदि समय रहते कार्य पूरे नहीं हुए तो दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है।

तेजाजी चौक पर सड़क के बीच लाइट पोल लगाने के प्रस्ताव का भी कांग्रेस ने विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर के सबसे व्यस्त चौराहे पर पहले से जाम की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में सड़क के बीच पोल लगाने से यातायात व्यवस्था और बिगड़ सकती है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते क्षेत्र के कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

देशभर में बढ़ती महंगाई के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर रोष जताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं पूर्व राजस्व मंत्री व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामलाल जाट के आदेशानुसार कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।



इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई को आमजन के लिए बड़ी समस्या बताया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है तथा रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है।

प्रदर्शन में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष छीतर प्रजापत, पूर्व संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष तूफान यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष कमलेश सेन, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष संजय मालवीय, पूर्व महिला ब्लॉक अध्यक्ष अनिता जैन, विक्रम सोनी, रामफूल धाकड़, जसवंत सिंह सोलंकी, शिव मेघवंशी, जमनालाल भाट , रणजीत कानावत,कुंज बिहारी मेहर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में राहत: चामुंडा माता मंदिर में वाटर कूलर का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान राजस्थान एवं रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भीषण गर्मी के दौरान आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेहरू तलाई स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा चामुंडा माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की ओर से अतिथियों का उपरना पहनाकर एवं समाज के गौरव मेजर दलपत सिंह शेखावत की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी, संस्थान की प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़, मातृशक्ति संगठन जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़, संरक्षक वनिता पंवार, संध्या चुंडावत, पार्षद मधु शर्मा, पार्षद ओम पाराशर, विधायक प्रतिनिधि मधुबाला यादव, उपभोक्ता कल्याण समिति युवा प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, समाजसेवी राजेंद्र सिंह शेखावत एवं जितेंद्र सिंह कानावत सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ ने बताया कि शीतल पेयजल अभियान के तहत मंदिर परिसर में वाटर कूलर स्थापित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं एवं आमजन को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन द्वारा जनहित में किया गया यह कार्य सराहनीय है। भीषण गर्मी में लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करना सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़ ने सांसद के समक्ष समाज की विभिन्न मांगें रखीं। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड में समाज के विभिन्न नामों को एकीकृत कर केवल 'रावणा राजपूत' नाम दर्ज करने, हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह बोर्ड में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति तथा चामुंडा माता मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग की मांग की। सांसद ने समाज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, उपाध्यक्ष सीमा कंवर, सोनम कंवर, मनोज कंवर, आरती शेखावत, कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत, जिला प्रवक्ता सुनीता कंवर जादू, संगठन मंत्री पूजा कंवर, प्रियंका कंवर, गायत्री कंवर, नंद कंवर, समाजसेवी एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रवि सिंह गहलोत, मोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

## राजकीय बालिका विद्यालय में समाजोपयोगी शिविर का संयुक्त निदेशक डॉ. शर्मा ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सेठ मुरलीधर मानसिहका राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मावकाश में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर का शुक्रवार को डॉ. महावीर प्रसाद शर्मा (संयुक्त निदेशक) ने औचक निरीक्षण एवं अवलोकन किया।



इस दौरान डॉ. शर्मा ने शिविर में छात्राओं द्वारा तैयार की जा रही विभिन्न कलाकृतियों, हस्तशिल्प, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाने के कार्यों और समाज सेवा गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के हुनर और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों में श्रम के प्रति निष्ठा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सरोकार की भावना जागृत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उड़ें जीवन में कौशल विकास के महत्व को समझाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती सुषमा विश्नोई एंव शिविर प्रभारी विजयलक्ष्मी जैन, सहप्रभारी सावित्री सोमानी, वीरेन्द्र चतुर्वेदी, बसंती लाल पोरवाल एव नारायण लाल गाडरी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।



QUICK BITES

## गुंदली हादसे के बाद भी नहीं चेता विभाग, खामोर में ट्रांसफार्मर के नीचे फैल रहा करंट

**लो वोल्टेज और खराब अर्थिंग से 50 से 60 घर परेशान, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शाहपुरा के गुंदली गांव में हाल ही में करंट फैलने से हुए हादसे के बाद भी विद्युत विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बागौर क्षेत्र के खामोर गांव में ट्रांसफार्मर के नीचे करंट फैलने और खराब अर्थिंग व्यवस्था के चलते ग्रामीण दहशत में हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर स्थल पर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर की अर्थिंग लंबे समय से खराब पड़ी है, जिससे करीब 50 से 60 घर लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने से पंखे, कूलर और पानी की मोटरें तक सही तरीके से नहीं चल पा रही हैं। कई बार अर्थिंग व्यवस्था चालू रखने के लिए ग्रामीणों को पानी के टैंकर तक डलवाने पड़ रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे और आसपास करंट दौड़ने जैसी स्थिति बनी रहती है, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। पास में विद्यालय होने से बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब एक माह पूर्व किसान भेरू भील की बकरी भी इसी ट्रांसफार्मर के पास करंट की चपेट में आने से मर गई थी। उस समय भी विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।

समाजसेवी बलवंत सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से ग्रामीण लगातार लाइनमैन, जेईएन और एईएन को समस्या से अवगत करा रहे हैं, लेकिन विभाग केवल आश्वासन दे रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ट्रांसफार्मर की अर्थिंग व्यवस्था दुरुस्त कर लो वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## किसान चौपाल की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**आज संतोकपुरा ग्राम पंचायत में होगी किसान चौपाल**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**



मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने शुक्रवार को किसान चौपाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में किसान चौपाल को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिंह गुड्डा, संतोकपुरा के पूर्व सरपंच परमेश्वर लुहार, पूर्व सरपंच जगदीश गुर्जर, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष किशनलाल किर, भाजपा युवा मोर्चा के मिट्ठू सिंह तंवर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरुण जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संतोकपुरा सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर लुहार ने बताया कि 30 मई को शाम 6 बजे संतोकपुरा ग्राम पंचायत भवन में किसान चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा तथा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकरलाल सांगवा शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि किसान चौपाल के माध्यम से किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए चर्चा की जाएगी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति, वैराग्य और सनातन चेतना की अविरल धारा प्रवाहित

**भक्तमाल कथा में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने सुनाया श्रद्धा, विश्वास और शिव-राम एकत्व का दिव्य संदेश**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


**मूलचन्द पेसवानी**

पुरुषोत्तम मास के पावन एवं पुण्यप्रद अवसर पर सनातन सेवा समिति, हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में चल रहे आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में गुरुवार को श्री भक्तमाल कथा के चौथे दिवस भक्तिरस, वैराग्य एवं सनातन संस्कृति की दिव्य धारा प्रवाहित हुई। कथा का अमृतमय वाचन ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ, मध्यप्रदेश के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज के मुखारविंद से हुआ, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा सभागार 'हरि नाम' और 'जय श्रीराम' के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने श्रीमद्भागवत के श्लोक 'तत्तेऽनुकम्पां सुसमीक्षमाणो भुन्जान एवात्म कृतं विपाकम्...' का भावार्थ समझाते हुए कहा कि जो भक्त हर परिस्थिति में प्रभु की कृपा का अनुभव करता है और सुख-दुःख को ईश्वर की इच्छा मानकर समभाव से स्वीकार करता है, वही अंततः भगवान के परम धाम का अधिकारी बनता है। उन्होंने कहा कि प्रेम, श्रद्धा और समर्पण से भरा हृदय ही प्रभु प्राप्ति का वास्तविक साधन है।

कथा के दौरान शंकराचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम के दिव्य चरण चिन्हों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के चरणों में अंकुश, ध्वजा, कमल, शंख, चक्र, स्वस्तिक, कलश, अर्धचन्द्र, मीन, त्रिकोण एवं इन्द्रधनुष जैसे मंगलकारी चिन्ह विद्यमान हैं, जो भक्तों के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। श्रद्धालु इस दिव्य वर्णन को सुन भावविभोर हो उठे।

उन्होंने भागवत महापुराण एवं भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा – 'निम्नगानां यथा गंगा देवानामच्युतो यथा,
वैष्णवानां यथा शम्भुः...' अर्थात जैसे नदियों में गंगा श्रेष्ठ है, देवताओं में



भगवान विष्णु श्रेष्ठ हैं, वैसे ही वैष्णवों में भगवान शंकर सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव स्वयं भगवत भक्ति के आधार हैं और शिव कृपा के बिना भगवान की भक्ति दुर्लभ है।

जगद्गुरु शंकराचार्य ने 'भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ' श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रद्धा और विश्वास ही ईश्वर प्राप्ति के मूल आधार हैं। भगवान सर्वत्र विद्यमान हैं, किन्तु प्रेम और भक्ति से ही प्रकट होते हैं – 'हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना। '

रामेश्वरम् प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने स्वयं शिवलिंग की स्थापना कर 'रामेश्वर' नाम दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भगवान राम और भगवान शिव में कोई भेद नहीं है। दोनों एक ही परम तत्व के स्वरूप हैं। कथा के दौरान वातावरण भक्तिरस, वैराग्य एवं आध्यात्मिक चेतना से सराबोर रहा।

कार्यक्रम के अंत में महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विष्णु यज्ञ में भोपाल के चंद्र लालचंदानी परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियाँ अर्पित की तथा भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया।

आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम, गोविन्दराम, ईशान राम एवं सुयज्ञ राम ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में प्रवाहित हो रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आह्वान किया।

# राजस्थान नर्सेज यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कोठारी को सौंपा ज्ञापन

**विधायक कोठारी ने नर्सेज को किया आश्वस्त**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान नर्सेज यूनियन, भीलवाड़ा के सदस्यों ने शुक्रवार को भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी को ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में नर्सेज के 83 पद समाप्त किए जाने के बाद कार्यरत नर्सिंगकर्मियों को पुनः महात्मा गांधी चिकित्सालय अथवा विधानसभा क्षेत्र के अन्य चिकित्सालयों में पदस्थापित एवं समायोजित करने की मांग की।

इस दौरान विधायक अशोक कुमार कोठारी ने नर्सेज यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विगत 10 वर्षों से सेवाएं दे रहे अनुभवी नर्सिंगकर्मियों के



हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इस संबंध में तत्काल वित्त विभाग एवं चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर नर्सिंगकर्मियों को भीलवाड़ा में ही पदस्थापित करने का आग्रह किया गया है।वर्तमान में महात्मा गांधी चिकित्सालय में 27 पद तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत 48 पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों पर अनुभवी नर्सिंगकर्मियों को समायोजित कर भीलवाड़ा की चिकित्सा सेवाओं को मजबूत किया जा सकता है।

उन्होंने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि नर्सिंग कर्मियों को पुनः भीलवाड़ा में ही पदस्थापित करवाने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी, जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को भी इनकी सेवाओं का लाभ मिलता रहे।

ज्ञापन देने वालों में नर्सेज यूनियन के जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट, संयोजक अमित कुमार व्यास, प्रवक्ता गिरिराज लढा, निरंजन चंपावत, करण सिंह सिसोदिया, ललित जीनगर , दिनेश खटीक, अनीता चौधरी, विमला व्यास , कमला पहाड़िया,मैना,टीना, ममता सहित अनेक नर्सिंगकर्मी उपस्थित थे ।सभी ने विधायक कोठारी का आभार व्यक्त किया है।

# भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए मसीहा बने मनोहर सिंह; पंचवटी कॉलोनी में बांधे परिंडे

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

प्रदेश में लगातार पैर पसार रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच जहां इंसान बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए भी पानी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में पक्षियों की प्यास बुझाने और उन्हें राहत देने के लिए आसींद नगर पालिका क्षेत्र के सजग नागरिक आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में, नगर पालिका क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी निवासी मनोहर सिंह चुंडावत ने एक सराहनीय और मानवीय पहल की है। उन्होंने इस चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों की सुध लेते हुए अपने निवास क्षेत्र के आसपास पेड़ों पर परिंडे (मिट्टी के जलपात्र) बांधे हैं। उन्होंने न सिर्फ परिंडे लगाए, बल्कि उनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरने का संकल्प भी लिया।






मनोहर सिंह चुंडावत ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आमजन से भी आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने नगरवासियों से अपील कि 'इस भीषण गर्मी में पानी की कमी के कारण कई बेजुबान पक्षी दम तोड़ देते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा करें। मैं आसींद के सभी नागरिकों से निवेदन करता हूँ कि वे अपने घर, छत, बालकनी और आसपास के छायादार स्थानों पर कम से कम एक परिंडा अवश्य लगाएं और उसमें नियमित रूप से पानी भरें।'

मनोहर सिंह की इस अनुकरणीय पहल की पंचवटी कॉलोनी सहित पूरे आसींद क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि ऐसी छोटी-छोटी कोशिशें ही इस झुलसा देने वाले मौसम में मूक पक्षियों का जीवन बचा सकती हैं।

# वस्त्रनगरी में श्रमिकों का फूटा आक्रोश, सिल्वर फैब मालिक का पुतला दहन, बकाया भुगतान की उठी मांग

**सीटू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन श्रमिकों ने लगाया शोषण और मनमानी का आरोप**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में रीको चर्तुथ फेज स्थित सिल्वर फैब प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ श्रमिकों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आया। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के बैनर तले बड़ी संख्या में मजदूरों ने मुखर्जी पार्क से विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा फैक्ट्री मालिक संपत चौरड़िया का पुतला दहन कर विरोध जताया। सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानीने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना किसी युक्तियुक्त कारण के श्रमिकों को सेवा से पृथक कर दिया




है। इसके अलावा, मजदूरों के ओवरटाइम, ग्रेच्युटी, बोनस और पीएल (अर्जित अवकाश) जैसी न्यायसंगत राशि का भुगतान भी दबाकर रखा गया है। पीड़ित श्रमिकों ने इस संबंध में पहले उप श्रम आयुक्त से शिकायत की थी, लेकिन वहां कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर आज मजबूरन उन्हें सडक़ पर उतरना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान टेक्सटाइल यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, उपाध्यक्ष सद्दाम, करण सिंह, गणेश गहलोत, मोतीलाल और पीड़ित श्रमिक देवराज सिंह, देवीलाल, सत्येंद्र, लादी देवी व जोहराबानू सहित सैकड़ों मजदूरों ने मालिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि सिल्वर फैब के मालिक से श्रमिकों के समस्त बकाए का तुरंत भुगतान करवाया जाए। साथ ही, टेक्सटाइल क्षेत्र की अन्य मिलों में भी श्रमिकों से कराए जा रहे जबरन और बिना भुगतान वाले ओवरटाइम पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# पद बचाने की गुहार लेकर सड़कों पर उतरे नर्सिंगकर्मी

## जिला कलेक्ट्रेट में छलके आंसू, नेताओं और अधिकारियों से लगाई मदद की गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



महात्मा गांधी चिकित्सालय में वर्षों से सेवाएं दे रहे नर्सिंग कर्मचारियों पर नौकरी का संकट गहराने लगा है। राजमेस द्वारा पद विलोपित किए जाने के विरोध में शुक्रवार को राजस्थान नर्सेज यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर जसमीत संधू को ज्ञापन सौंपकर अपने पद बचाने की मांग की। इस दौरान कई महिला नर्सिंगकर्मी भावुक होकर रो पड़ीं।

राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में पहुंचे नर्सिंगकर्मियों ने बताया कि कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को आज अपने ही पद बचाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि करीब 9 वर्ष पूर्व उन्हें घर और नजदीकी सीएचसी-पीएचसी से हटाकर भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज में लगाया गया था और अब स्टाफ की कमी होने के बावजूद उनके पद समाप्त किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

ज्ञापन में बताया गया कि राजमेस द्वारा प्रदेश के 7 मेडिकल कॉलेजों में 1267 पद विलोपित किए गए हैं, जिनमें भीलवाड़ा के 83 नर्सिंग ऑफिसर पद भी शामिल हैं। इन पदों के समाप्त होने से वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के सामने भविष्य का संकट खड़ा हो गया है।

कलेक्ट्रेट में कई महिला नर्सिंगकर्मी अपनी पीड़ा बताते हुए फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने कहा कि वर्षों तक गंभीर मरीजों की सेवा करने के बाद अब उन्हें दूसरे स्थानों पर भेजे जाने का डर सता रहा है। कर्मचारियों की भावनात्मक अपील पर जिला कलेक्टर जसमीत संधू ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।

इसके बाद नर्सिंगकर्मियों ने सांसद दामोदर अग्रवाल की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या रखी। सांसद अग्रवाल ने कर्मचारियों को समर्थन देते हुए मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वर्षा अशोक सिंह राठौड़ से फोन पर चर्चा कर उचित समाधान के निर्देश दिए।

नर्सिंग कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मंडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल से भी मिला। विधायक ने नर्सिंगकर्मियों की सेवाओं को नमन करते हुए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से वार्ता करने का भरोसा दिलाया। साथ ही तीन माह से लंबित वेतन का भुगतान तीन दिन में कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

पूर्व विधायक विठ्ठलशंकर अवस्थी ने भी कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए वित्त विभाग और अस्पताल प्रशासन से सकारात्मक पहल करने को कहा। वहीं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने जयपुर स्तर के चिकित्सा अधिकारियों से वार्ता कर नर्सिंगकर्मियों को आश्वस्त किया कि उन्हें अन्यत्र नहीं भेजा जाएगा। यूनियन जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट ने कहा कि वर्षों का अनुभव रखने वाले नर्सिंग कर्मचारियों को जिले में ही समायोजित या पुनः पद सृजित कर राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार जताया।

इस दौरान अमित व्यास, गिरिराज लढ़ा, ललित जीनगर, करण सिंह सिसोदिया, दिनेश खटीक, अनीता चौधरी, विमला व्यास, सुनील व्यास, विनोद सोनी, मनोज धाकड़, पिंकी खटीक, अनीता खोईवाल, गोविंद सिखवाल, मोहम्मद इमरान, इकबाल, सत्यनारायण, प्रमोद भड़गा, नवनीत त्रिपाठी, ममता बडेला, नीलिमा गोस्वामी, आसिफ मोहम्मद, हंसा सेन, प्रेम रेगर सहित बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ नाहरगढ़ में देवनारायण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत






भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव )**:- क्षेत्र के नाहरगढ़ गांव में श्री खेरा का देवनारायण भगवान के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना महोत्सव को लेकर चार दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत आज शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई । ठा. भगवत सिंह ने बताया कि नाहरगढ़ गांव में श्री श्री 1008 श्री खेरा का देवनारायण भगवान के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्रांत प्रतिष्ठा और शिखर पर कलश की स्थापना को लेकर महायज्ञ आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शुक्रवार को प्रातः 7:15 बजे रावला कुएं से 101 कलशों की कलश यात्रा प्रारंभ हुई, कलश यात्रा में 101 महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई । इस दौरान चारभुजा नाथ की शोभायात्रा भी निकल गई, गांव के विभिन्न मार्गो से होकर कलश यात्रा व शोभायात्रा गुजरी, जिनका लोगों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया । वहीं ढोल-नगाड़े व डीजे के साथ कलश यात्रा पर महिलाएं नाचती गाती चली । दोपहर 12:15 बजे मंडप प्रवेश व अग्नि स्थापना की, इसके साथ यज्ञ आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण भट्ट व सह पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन कुंड में आहुतियां लगाई गई । 1 जून सोमवार को देवनारायण भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी ।।

# आसींद के शिल्पकार भागीरथ सोनी ने बनाया चांदी का आकर्षक हेलीकॉप्टर

## 100 ग्राम शुद्ध चांदी से 24 घंटे में तैयार की अनूठी कलाकृति

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद



स्थानीय शिल्पकार एवं 'मातेश्वरी वर्क आर्ट' आसींद के संचालक भागीरथ सोनी ने अपनी अनूठी हस्तकला का परिचय देते हुए शुद्ध चांदी से एक आकर्षक और कलात्मक हेलीकॉप्टर तैयार किया है। उनकी इस नायाब कलाकृति को देखने के लिए क्षेत्र के लोगों और कला प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

भागीरथ सोनी ने बताया कि इस विशेष हेलीकॉप्टर के निर्माण में 100 ग्राम शुद्ध चांदी का उपयोग किया गया है। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर इस जटिल मॉडल को मात्र 24 घंटे में तैयार किया। हेलीकॉप्टर के पंखों, टेल-रोटर और बॉडी की बारीक नक्काशी इसे बेहद आकर्षक बनाती है। साथ ही कलाकृति पर कलात्मक ढंग से 'INDIA' भी अंकित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस पूरी कलाकृति को तैयार करने में करीब ?25,500 की लागत आई है। सीमित समय और नियंत्रित लागत में इतनी उत्कृष्ट कलाकृति तैयार कर भागीरथ सोनी ने अपनी कला दक्षता और रचनात्मकता का शानदार उदाहरण पेश किया है।

गौरतलब है कि भागीरथ सोनी पूर्व में भी अपनी हस्तकला के माध्यम से क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुके हैं। उनकी यह नई कलाकृति आसींद क्षेत्र की पारंपरिक हस्तशिल्प कला और स्थानीय प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।

# पंचमुखी श्मशान में नौतपा की तपन के बीच हो रहा 9 दिवसीय पंच धुना अग्नि तप

## भीलवाड़ा में प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में हो रही अग्नि साधना, अच्छी बारिश और जगत कल्याण की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीषण गर्मी और नौतपा की तेज तपन के बीच शहर के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में 9 दिवसीय पंच धुना अग्नि तप हो रहा है। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी द्वारा किए जा रहे इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य देश में सुख-शांति, किसानों की समृद्धि, अच्छी फसल, जगत कल्याण तथा मानसून में अच्छी बारिश की कामना करना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नौतपा के दौरान सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने से उनकी किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिससे गर्मी और तपन अत्यधिक बढ़ जाती है। इसी तपन को कम करने तथा जीव-जंतुओं और मानव जीवन को राहत प्रदान करने की भावना से संत-महात्मा पंच धुना अग्नि तप करते हैं। पंच धुना अग्नि तप के तहत पांच दिशाओं में कंडों से धूने जलाए जाते हैं और उनके मध्य बैठकर संत साधना व ध्यान करते हैं। मंदिर परिसर में चल रहे इस दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में नौतपा की शुरुआत के साथ ही 9 दिनों तक पंच धुना अग्नि तप किया जा रहा है। यह तप भारत में सुख-शांति, किसानों की अच्छी फसल, जगत कल्याण और मानसून में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर किया जाता है। श्रद्धालु गौरव ने बताया कि उन्होंने साधु-संतों द्वारा अग्नि के बीच बैठकर तपस्या करने के बारे में सुना जरूर था, लेकिन पहली बार इसे अपनी आंखों के सामने देखा है। यह दृश्य बेहद अद्भुत और आस्था से भर देने वाला है। वहीं मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि पंच धुना तप के दर्शन के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

QUICK BITES

# नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक राणा का यूनेस्को पदाधिकारीयों ने किया स्वागत सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



स्टेट फेडरेशन ऑफ़ यूनेस्को एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के नेतृत्व में जिला यूनेस्को एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सागर राणा का एसपी कार्यालय में मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, अपर्णा से व गुलदस्ता भेटकर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत सम्मान किया।

स्वागत समान के दौरान माली ने यूनेस्को द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के तहत किये जा रहे हैं कार्यों से भी अवगत कराया और पुलिस प्रशासन व सरकार द्वारा सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए यूनेस्को द्वारा सहयोग के लिए आश्वासत किया।

स्वागत सम्मान के अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव जगदीशचंद्र मुंदड़ा, संगठन मंत्री रामचंद्र मुंदड़ा और यूनेस्को के सदस्य राजेश जीनगर उपस्थित थे।

# किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन, मक्का की उन्नत किस्मों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



**(रोशन वैष्णव)** मुकुंदपुरिया स्थित चामुंडा माता मंदिर, नील की खेड़ी में शुक्रवार को श्रीराम बायोसीड कंपनी के तत्वावधान में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बायोसीड मक्का 9766 एवं 9546 प्लस की विशेषताओं, अधिक पैदावार, रोग एवं कीट नियंत्रण सहित आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

संगोष्ठी में करीब 385 किसानों एवं 13 विक्रेता बंधुओं ने भाग लेकर कृषि विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत बीजों के उपयोग एवं बेहतर उत्पादन के तरीकों पर विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर रीजनल मैनेजर पुष्पेंद्र, टेरिटरी मैनेजर विनोद रायका, मार्केट डेवलपमेंट ऑफिसर विनोद धाकड़, शिव शंकर व्यास, पप्पू लाल धाकड़, विक्रेता बंधु गोपाल कुमावत, उदयलाल धाकड़, मदन धाकड़, त्रिलोक सहित अनेक विक्रेता बंधु एवं सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का बाहरवां स्मरणपत्र मुख्यमंत्री के नाम सोंपा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





जिला बहाल करो संघर्ष समिति द्वारा शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देकर जिला बहाल करने की मांग का आंदोलन एक वर्ष पांच माह बीत जाने के बाद भी निरंतर जारी है ।जिला बहाल करो संघर्ष समिति महासचिव एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि ब्लैक डे 28 मई को ईद का राजकीय अवकाश होने से शुक्रवार को सुबह 10:15 बजे उपखंड कार्यालय के बाहर संघर्ष समिति सदस्यों अधिवक्ताओं एवं आमजन ने शांतिपूर्ण शाहपुरा जिला बहाल करो के नारे लगाकर नारेबाजी प्रदर्शन करते हुये शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का बाहरवां स्मरण पत्र शाहपुरा जिला बहाल करो संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा सयोंजक रामप्रसाद के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी शाहपुरा को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम दिया गया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का किया वादा याद दिलाया । 28 दिसंबर 2024 को शाहपुरा का जिले का दर्जा समाप्त होने के बाद से ही शाहपुरा की जनता प्रतिमाह की 28 तारीख को ब्लैक डे मनाती है। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि एक वर्ष पूर्व में जिला संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री की जयपुर में शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का सकारात्मक आश्वासन मिला था । परन्तु सरकार ने बारह महिने बीतने के बाद भी शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा नहीं दिया जिससे आमजन में आक्रोश है। जब तक शाहपुरा को वापस जिले दर्जा नहीं मिल जाता आंदोलन अनवरत जारी रहेगा जारी रहेगा जरूरत पड़ने पर आंदोलन को प्रभावी बनाया जाएगा। संयोजक रामप्रसाद जाट ने कहा कि सरकार शीघ्र शाहपुरा की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा प्रदान करें। इस मौके पर जिला बहाल करो संघर्ष समिति सहसंयोजक सूर्य प्रकाश ओझा संरक्षक सत्यनारायण पाठक हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा राजेन्द्र पाण्डे प्रॉपर्टी एसोसिएशन अध्यक्ष अजय मेहता उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल सोलंकी कोषाध्यक्ष उदय लाल बेरवा सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पारीक सहसचिव नूर मोहम्मद रंगरेज उर्फ छोटू संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर लाल धाकड़ रमेशचंद्र मालू मदनलाल कंडारा सुनील मिश्रा महावीर कुमावत जगदीशचंद्र जाट रामचंद्र नायक रामरतन धाकड़ शंकर लाल खटीक सुनील पाराशर अरुण राव राजू अभय गुर्जर वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा अनिल शर्मा अधिवक्ता नमन ओझा अंकित शर्मा वींरेंद्र पत्रिया राहुल पारीक मधुसूदन शर्मा अखिल व्यास निखिल व्यास सहित कई सदस्य एव शाहपुरा के आमजन मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।